पत्र सूचना कार्यालय (रक्षा विंग)
भारत सरकार
****
'हर काम देश के नाम'

नई दिल्लीः आश्विन 27, 1944
बुधवारः 19 अक्तूबर 2022

डेफएक्सपो 2022 के अवसर पर भारत-अफ्रीका रक्षा संवाद के दौरान एमपी-आईडीएसए में 'भारत-अफ्रीका सुरक्षा फैलोशिप कार्यक्रम' का शुभारंभ

भारत-अफ्रीका रक्षा संवाद (आईएडीडी) 18 अक्तूबर 2022 को गुजरात के गांधीनगर में डेफएक्सपो 2022 के दौरान आयोजित किया गया। भारत-अफ्रीका रक्षा संवाद के दूसरे संस्करण के परिणामी दस्तावेज के रूप में अपनाए गए गांधीनगर घोषणापत्र में भारत-अफ्रीका रक्षा और सुरक्षा साझेदारी बढ़ाने के लिए नए क्षेत्रों को रेखांकित किया गया है।

भारत-अफ्रीका रक्षा संवाद के दौरान गांधीनगर घोषणा पत्र के नए प्रस्तावों को ध्यान में रखते हुए रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह ने 'भारत-अफ्रीका सुरक्षा फैलोशिप कार्यक्रम' का शुभारंभ किया और इसे मनोहर पर्रिकर रक्षा अध्ययन एवं विश्लेषण संस्थान (एमपी-आईडीएसए) के महानिदेशक को सौंपकर इसकी विवरणिका जारी की।

भारत-अफ्रीका रक्षा संवाद के लिए सूचना साझेदार एमपी-आईडीएसए फैलोशिप कार्यक्रम की मेजबानी करेगा। यह फैलोशिप अफ्रीकी विद्वानों को भारत में रक्षा और सुरक्षा मुद्दों पर अनुसंधान को आगे बढ़ाने का अवसर प्रदान करेगी। अधि-सदस्यों/फैलो को 1 से 3 महीने की अवधि के लिए एमपी-आईडीएसए के साथ लगाया जाएगा। विद्वान विशेष को छात्रवृत्ति भी प्रदान की जाएगी। एमपी-आईडीएसए वेबसाइट-(https://www.idsa.in/) से आवेदन प्रक्रिया का अधिक विवरण लिया जा सकता है।

एबीबी/डीएस

नोटः फैलोशिप कार्यक्रम की विवरणिका साथ संलग्न है।